SWIS-H
STATEWIDE INFANT
SCREENING - HEARING

मेरे बच्चे को सुनने की शक्ति की दुबारा जाँच करवाने की आवश्यकता क्यों है?

कई बच्चों को सुनने की शक्ति की दुबारा जाँच करवाने की आवश्यकता होती है।

इसका अर्थ यह नहीं है कि आपके बच्चे को बहरापन है। दुबारा जाँच करवाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं।

दुबारा जाँच करवाने का सबसे आम कारण होता है, जन्म के बाद आपके बच्चे के कान में तरल पदार्थ या कोई अन्य अवरोध होना।

अधिकतर सुनने की शक्ति की दुबारा जाँच, आपके व आपके बच्चे के अस्पताल छोड़ने से पहले की जाएगी।

जब आप व आपका बच्चा अस्पताल में हैं तब यदि यह जाँच करना संभव नहीं होता तो अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जल्द ही आपके बच्चे की सुनने की क्षमता संबंधी जाँच आउटपेशेन्ट विभाग या किसी स्थानीय सामुदायिक स्थल पर की जाएगी।

जिस व्यक्ति ने यह पुस्तिका आपको दी है, वह आपको बताएगा कि सुनने की शक्ति की जाँच दुबारा कब और कहाँ होगी।

परिणाम

जैसे ही बहरेपन की जाँच पूरी हो जाएगी, उसका परिणाम आपको समझाया जाएगा और बच्चे के निजी स्वास्थ्य रिकार्ड (नीली किताब) में दर्ज कर दिया जाएगा।

यदि दुबारा की गई जाँच में भी कोई स्पष्ट परिणाम नहीं आता तो आपके बच्चे को सुनने की शक्ति के नैदानिक मूल्याँकन के लिए किसी श्रवण-विज्ञानी (Audiologist) के पास भेजा जाएगा। श्रवणविज्ञानी (Audiologist) सुनने की शक्ति की जाँच करने वाला विशेषज्ञ होता है।

जल्द से जल्द यह जानना आवश्यक है कि आपके बच्चे की सुनने की शक्ति कितनी अच्छी है, जिससे कि आपको व आपके बच्चे को सही सलाह व सहायता मिल सके।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दी गई वेबसाईट पर देखें:

http://www.health.nsw.gov.au/kids-families

स्थानीय संपर्क / मिलने का विवरण

स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए हैल्थ डायरेक्ट ऑस्ट्रेलिया से
http://www.healthdirect.gov.au/
(healthdirect Australia) पर
या 1800 022 222 पर संपर्क करें

Hindi - Why does my baby need a repeat hearing screen?

NSW GOVERNMENT | Health

© NSW Health September 2016 SHPN (NKF) 150216